हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 14 जून 2026


तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री


11 नक्सल मुक्त बीजापुर अब विकास की नई पहचान बना...





12 केले के पत्तों पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह के ...






## खबर संक्षेप

### 4 घंटे बिजली बंद होने से लोग रहे परेशान

**जगदलपुर।** शहर के कुछ क्षेत्र में शनिवार को विद्युत लाईन का मेंटनेंस किया गया। इसमें से कलेक्टोरेट, लाल चर्च, कमिश्नर कार्यालय, एसडीएम कार्यालय,



महारानी वार्ड, सिटी ग्राउंड, कोर्ट, विधायक जगदलपुर कार्यालय, नेहरू हॉस्टल आदि क्षेत्र में मेंटनेंस के चलते दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक 4 घंटे बिजली बंद रही। इससे उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में परेशान रहना पड़ा और दूसरी ओर गर्मी में विद्युत कर्मचारी मेंटनेंस में जुटे रहे। शाम को बिजली बहाल होने से उपभोक्ताओं को राहत की सांस ली। कार्यपालन अभियंता एनआर भगत के निर्देश पर सहायक अभियंता विकास कुंजाम, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू भी कर्मियों के साथ रहे।

### बकाया टैक्सों की वसूली के लिए परिवहन विभाग ने कसा शिकंजा



**जगदलपुर।** परिवहन विभाग ने बस्तर जिले के टैक्स बकायादार वाहन मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी, जिसमें विशेषकर कमर्शियल वाहनों को नोटिस भेजे जा रहे हैं। साथ ही लगभग एक दर्जन टैक्स बकायादार वाहनों पर कार्रवाई की गई, टैक्स ⏭ शेष पेज 10 पर

# कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों के लिए बनेगा एडवेंचर पार्क

## पर्यटक प्राचीन गुफाओं और हरे-भरे जंगलों के साथ एडवेंचर का भी लेंगे आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

प्रकृति ने बस्तर की खूबसूरती को रचने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है, यहां एक राह अगर मुड़ती है तो एक नई राह आकर जुड़ती है। नैसर्गिक सुंदरताओं से भरपूर बस्तर के कांगेर वैली नेशनल पार्क में पर्यटन की दृष्टि से एक नया आयाम जुड़ने जा रहा है। कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान ने बस्तर की जान कहे जाने वाले तीरथगढ़ जलप्रपात के पास बंबू रॉफ्टिंग के निकट पर्यटकों के लिए एडवेंचर पार्क बनेगा, जहां पर्यटकों के बच्चे कर्सी, झूला आदि का आनंद ले सकेंगे। तीरथगढ़ जलप्रपात को एक प्रमुख एडवेंचर विकसित किया जाएगा। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित तीरथगढ़ जलप्रपात जगदलपुर से लगभग 35 किमी दूर को एक प्रमुख इको-एडवेंचर हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। उद्यान में इस वर्ष लगभग 50 हजार देशी और 30 से अधिक विदेशी पर्यटक पहुंचे थे। इस क्षेत्र में पर्यटकों को आकर्षित करने और साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई नई योजनाएं और सुविधाएं शामिल की गई हैं। यह स्थान अपनी जैव विविधता, प्राचीन गुफाओं ⏭ शेष पेज 10 पर





### छत्तीसगढ़ का एक अद्भुत जलप्रपात

तीरथगढ़ जलप्रपात छत्तीसगढ़ का एक अद्भुत स्थल है, जो न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव कराता है, बल्कि यहां की संस्कृति और परंपराओं से भी जोड़ा हुआ है। यह स्थल हर प्रकृति प्रेमी और साहसिक यात्री के लिए अवश्य देखने योग्य है। इसे भारत के सबसे ऊंचे जलप्रपातों में से एक माना जाता है, इसकी ऊंचाई लगभग 300 फीट है और यह मुनगाबहार नदी पर स्थित है, जो चन्द्राकार पहाड़ी से गिरता है। पर्यटकों को यहां की प्राकृतिक संरचनाएं और जल प्रवाह पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं।

# एकमात्र कमाऊ बेटे की आत्महत्या से मां और भाई सदमें में, कड़ी कार्रवाई की मांग

## मर्सिडीज कार और ट्रक मालिकों को पुलिस ने किया तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- ट्रक चालक ताम्रध्वज के शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया

दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाना क्षेत्र स्थित बंजारी घाट में मेटाडोर व मर्सिडीज के बीच हुए एक्सीडेंट के लगभग 20 घंटे बाद मेटाडोर के चालक ने आत्महत्या कर ली थी। ट्रक चलाकर परिवार का भरणपोषण करने वाले एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। शनिवार को गीदम में पीएम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया जिसे लेकर परिजन महासमुंद के लिए रवाना हो गए। इससे पूर्व परिजनों ने गीदम एसडीओपी गोविंद सिंह दीवान को पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि बंजारी घाट में मेटाडोर और मर्सिडीज कार के बीच गुरूवार शाम लगभग 4 बजे टक्कर हो गई थी। इस हादसे के बाद मर्सिडीज के चालक ने अपने साथियों के साथ मेटाडोर चालक ताम्रध्वज साहू 23 वर्ष की जमकर पिटाई कर उसे धमकी दी थी जिसका जिक्र उसने आत्महत्या से पहले सोशल मिडिया में विडियो पोस्ट कर किया था। इस घटना के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह 8.30 बजे के बाद किसी समय उसने दुर्घटनास्थल के करीब ही आत्महत्या कर ली थी। सोशल मिडिया में आत्महत्या का विडियो पोस्ट होने के बाद ट्रक मालिक रायपुर निवासी लक्ष्मण राम कुमावत ने गीदम पुलिस के सरकारी नम्बर पर इसकी सूचना दी थी। इस सूचना के बाद दंतेवाड़ा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की और मृतक मेटाडोर चालक से बात भी की। लेकिन इस घटना के दूसरे दिन सुबह अंतिम बार परिजनों व दोस्तों से बात करने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। सुबह घटनास्थल पहुंचकर पुलिस ने ⏭ शेष पेज 10 पर





### परिजनों ने की दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

मृतक के परिजनों के मुताबिक ताम्रध्वज एक मात्र परिवार का कमाने वाला सदस्य था। पिता की पूर्व में देहांत हो चुका है। परिवार की पूरी जिम्मेदारी ताम्रध्वज पर ही थी। घर पर मां के अलावा दो छोटे भाई है जिनकी देखभाल ताम्रध्वज ही करता था। घर के कमाऊ सदस्य की मौत के बाद पूरा परिवार सदमें में है उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### दोनों वाहनों के मालिकों को किया तलब

मर्सिडीज कार के मालिक बीजापुर निवासी ठेकेदार सागर हेमला व ट्रक के मालिक रायपुर निवासी लक्ष्मणराम कुमावत को तलब किया गया है। दोनों कें बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर फारेंसिक टीम ने जांच की है, पीएम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-गोविंद सिंह दीवान,** एसडीओपी, गीदम

# स्कूटी से कर रहे थे गांजा की तस्करी, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- 7.55 लाख का गांजा व दुपहिया वाहन जब्त

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार कर 7.55 लाख रूपए का गांजा व दुपहिया वाहन जब्त किया है। गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट टामेश्वर चौहान के नेतृत्व में थाना प्रभारी बोधघाट व ब्लैक पैथर टीम को कार्रवाईके लिए रवाना किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि दो युवक एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 17 केवाय 3495 से मादक पदार्थ गांजा लेकर नेतानार से बाई पास होते हुए लामनी रोड से बोधघाट चौक की तरफ आ रहे है। सूचना पर टीम लामनी रोड में पहुंच एमसीपी लगाकर रेड कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर दो युवक को पकड़ा। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सुनील कश्यप 28 वर्ष निवासी नानगुर थाना नानगुर व सागर कश्यप 22 वर्ष निवासी ग्राम नेगीगुड़ा स्कूल पर थाना परपा कर रहने वाला बताया। आरोपियों के कब्जे से 15.110 किलो गांजा कीमत 7 लाख 55 ⏭ शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### सोलर पेनल खराब किसान हैं परेशान



**केशकाल।** केशकाल ब्लाक के ग्राम मांझीचेर्रा के किसान के खेत में सिंचाई सुविधा के लिए लगाया गया सोलर पेनल 10जून की शाम को आये हवा तूफान से सोलर पेनल का एक पेनल उखड़कर क्षतिग्रस्त हो गया । किसान बिसरूराम का कहना है कि मैं क्रेडा के माध्यम से सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा चलित सोलर पेनल 2023 में लगवाया था जिससे मैं अपने फसल में सिंचाई करता था । ऐन फसल बोने के समय हवा तूफान से सोलर पेनल उखड़कर टूट गया जिससे अब वह काम नहीं कर पा रहा है । पांच साल की ग्यारंण्टी की बात करते सोलर प्लेट लगाया गया था पर अभी तक क्रेडा विभाग क्षतिगस्त सोलर प्लेट को बनवाने की सुध नहीं ले रहा है जिससे कृषक बिसरूराम मांझी दुखित है ।

### पुलिस चौपाल में कोनगुड में साइबर अपराध की जानकारी



**फरसगांव।** कोंडागांव पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा एवं एसडीओपी केशकाल अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में शनिवार को ग्राम कोनगुड़ में पुलिस विभाग द्वारा /"सहयोग चौपाल/" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बारदा और कोनगुड़ के बीच चल रहे सीमा विवाद पर ग्रामीणों से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों से संवाद कर मामले के समाधान के लिए 15 दिवस का समय मांगा। चौपाल में ग्रामीणों को पलायन की समस्या, साइबर अपराध से बचाव, नशामुक्ति, यातायात नियमों के पालन तथा पॉक्सो कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं। इस दौरान लोगों को जागरूक करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। कार्यक्रम में थाना प्रभारी धनोरा भुनेश्वर नाग, थाना प्रभारी उरंदाबेड़ा सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निर्माणाधीन जवाहर विद्यालय का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शुक्रवार को बड़ेकनेरा रोड स्थित निर्माणाधीन जवाहर नवोदय विद्यालय भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्योर् की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में चल रहे शैक्षणिक भवन, छात्रवास तथा अन्य अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्योर् की विस्तृत जानकारी संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों से प्राप्त की। निर्माण कार्योर् की अपेक्षाकृत धीमी गति पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी को कार्योर् में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शेष कार्य निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं।

# बस्तर में दो हजार किस्मों के आमों की बनेगी अंतरराष्ट्रीय पहचानः कश्यप

## आम महोत्सव पारंपरिक और हाइब्रिड आमों का अनूठा संसार : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अंचल की समृद्ध जैव-विविधता और पारंपरिक कृषि संपदा को वैश्विक मंच देने के लिए क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय बस्तर आम महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय दुर्ग और उद्यानिकी संचालनालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस महोत्सव की विशेषता बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों से जुटे 1500 से अधिक किसानों की उपस्थिति रही जो 2000 से अधिक विविध आम की प्रजातियों का विशाल संसार लेकर पहुंचे थे। इस भव्य प्रदर्शनी में किसानों की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के कोने-कोने से आए अन्नदाता अपने साथ पारंपरिक, उन्नत और हाइब्रिड आमों की ढेरों किस्में लेकर आए थे, जिससे पूरा परिसर आम की खुशबू और अनूठी रंगत से सराबोर हो उठा। इस महोत्सव में प्रदर्शित की गईं आम की इन विविध प्रजातियों में विलुप्त हो रही पारंपरिक किस्मों के संरक्षण को प्रमुखता से रेखांकित किया गया, जिसने वैज्ञानिकों और आम प्रेमियों को अचंभित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने किसानों द्वारा लाई गईं इन हजारों प्रजातियों की जीरो-केमिकल शुद्धता को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए इसे एक बड़ा वैश्विक प्रीमियम ब्रांड बनाने का विजन साझा किया।



### उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक

इस महोत्सव के दौरान तकनीकी और वैश्विक परिदृश्य को सामने रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि आर. सक्सेना ने वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के हवाले से वर्ष 2050 तक 1000 करोड़ की आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा, जमीन की घटती उपजाऊ क्षमता और भोजन की बबार्दी जैसे वैश्विक खतरों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने एल नीनो के प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ के किसानों से अपनी कम से कम 25% भूमि पर अनिवार्य रूप से जैविक खेती अपनाने की अपील की और बताया कि रासायनिक खादों से निकलने वाली मीथेन गैस पर्यावरण के लिए कितनी घातक साबित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि रासायनिक तरीकों से पकाए गए आमों को नेपाल द्वारा रिजेक्ट किया जा चुका है, ऐसे में बस्तर के प्राकृतिक रूप से पके आमों और छत्तीसगढ़ के किसानों के इन उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए आम से आइसक्रीम, जैम, जेली जैसे उत्पाद तैयार कर 'वैल्यू एडिशन' करने पर विशेष जोर दिया।

## अधूरे पुलों का निर्माण, राशन वितरण ठीकने और पेट्रोल पंप की मांग उठाई

# मर्दापाल की जनसमस्याओं को दूर करने कांग्रेस ने सीएम के नाम पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



मर्दापाल क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर त्वरित समाधान की मांग की है। मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में अधूरे विकास कार्योर्, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की खामियों तथा किसानों को हो रही परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया।

**अधूरी पुलिया से ग्रामीणों को हो रही भारी परेशानी** – ज्ञापन में कहा गया कि मर्दापाल क्षेत्र कोंडागांव जिले का दूरस्थ और आंतरिक इलाका है, जहां कई गांव जिला मुख्यालय से 30 से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि मलनार से लखापुरी मार्ग पर स्वी—त पुलिया निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने निर्माण कार्य में कथित लापरवाही की जांच कर जल्द से जल्द पुलिया निर्माण पूरा कराने की मांग की है।

**अंत्योदय हितग्राहियों को नहीं मिल रही शक्कर** – ज्ञापन में सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़ी समस्याओं का भी उल्लेख किया गया। कांग्रेस का कहना है कि मर्दापाल क्षेत्र के कई राशन दुकानों में अंत्योदय राशन कार्डधारियों को निर्धारित शक्कर उपलब्ध नहीं हो रही है, जिससे गरीब परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। पार्टी ने इस मामले में प्रशासन से आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

**पेट्रोल पंप के अभाव से किसान परेशान** – कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मर्दापाल क्षेत्र में पेट्रोल पंप नहीं होने के कारण ग्रामीणों और किसानों को ईंधन लेने के लिए 30 से 60 किलोमीटर दूर कोंडागांव आना पड़ता है। आरोप लगाया गया कि यहां पहुंचने के बाद भी डीजल–पेट्रोल प्राप्त करने में घंटों इंतजार करना पड़ता है तथा जरीकैन में ईंधन नहीं दिए जाने से खेती–किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

**कांग्रेस ने जनहित में त्वरित कार्रवाई की मांग की** – मर्दापाल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी क्षेत्र की जनता की समस्याओं को लोकतांत्रिक तरीके से शासन–प्रशासन के समक्ष रख रही है और उम्मीद करती है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इन मुद्दों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

**ये नेता रहे उपस्थित** – ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री रितेश पटेल, प्रदेश सचिव सकुर खान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय करन, जिला उपाध्यक्ष सुखराम पोयाम, महामंत्री उमाकांत सेठिया, शहर महामंत्री सनी चोपड़ा, वरुण सेठिया, चमरा राम बघेल सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सैकड़ों मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर पुलिस द्वारा पहली बार बुलडोजर कार्रवाई करते हुए 3 सौ से अधिक मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर शनिवार को बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया गया।

ृयातायात डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा काफी समय से मो डि फा इ ड साइलेंसर की दुपहिया वाहन व प्रेशर हॉर्न वाहनों के खि ला फ कार्रवाई की जा रही थी। इसी तारतम्य में शनिवार को कोतवाली परिसर में बस्तर जिला के विभिन्न थाना एवं यातायात पुलिस के द्वारा दो वर्ष पूर्व से लगातार सम्पूर्ण जिला में मोडिफाइड साइलेंसर की दुपहिया वाहन व प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों के कारण होने वाले ध्वनि प्रदूषण, जो आवागमन के समय तेज ध्वनि कानफोडू साउंड के प्रभाव से आम लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ता था ऐसे वाहन चालकों पर मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई थी। बरामद की गई 312 मोडिफाइड साइलेंसर व 40 प्रेशर हॉर्न जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 15 लाख रूपए को एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन में सीएसपी सुमित कुमार, डीएसपी टेफिक संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसुदन नाग, बोधघाट थाना प्रभारी टामेश्वर चौहान एवं यातायात व थाना के स्टाफ की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। सीएसपी सुमीत कुमार ने कहा कि मोटर यान अधिनियम का उल्लघंन कर मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी ताकि आम लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न पड़े।

- 15 लाख से अधिक कीमत के साइलेंसर व प्रेशर हार्न यंत्र पर पहली बार बुलडोजर कार्रवाई

### एसपी की अपील

एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दुपहिया वाहन कंपनी द्वारा निर्मित साइलेंसर एवं हॉर्न का ही अपने वाहनों पर उपयोग करें। मोडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने से बचें तथा वाहन चलाते समय हमेशा यातायात नियमों का पालन करें।

# पूर्व सैनिकों के प्रशिक्षण से 41 युवकों का अग्निवीर में चयन

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव द्वारा निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर अग्निवीर योजना में चयनित हुए 41 युवकों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चयनित युवाओं को पुष्पमाला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा के निर्देशन तथा जिला अध्यक्ष सूरज यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि कोंडागांव, बड़ेराजपुर, फरसगांव और केशकाल विकासखंडों के युवाओं को नियमित रूप से निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण और प्रतियोगी मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप इस बार 41 युवकों का अग्निवीर के लिए चयन हुआ है। पूर्व सैनिकों द्वारा युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए अपने संसाधनों और पेंशन राशि से वर्षोर् से यह प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। विकासनगर स्टेडियम, कोंडागांव में प्रतिदिन सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन, दौड़ व्यायाम और सैन्य भर्ती से संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से अब तक अनेक युवक–युवतियां बस्तर फाइटर, अर्धसैनिक बल, नगर सेना और जिला पुलिस बल जैसी सेवाओं में चयनित होकर देश और समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोंडागांव के पूर्व सैनिक युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत और मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिला अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, सदस्य रतिराम सोरी, राकेश धीवर, ढालेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने चयनित युवाओं को देश सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य करने और भविष्य में भी उत—ष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।






# कॉलेज में शार्ट सर्किट से लगी आग, अनहोनी टली

**केशकाल।** केशकाल के महेश बघेल जी शासकीय महाविद्यालय मे सुबह लगभग 10 बजे आग लग गई जिससे कॉलेज मे अफरातफरी मच गई और केशकाल पुलिस एवं प्रशासन के पहुंचने के बाद आग मे काबू पाया गया। उल्लेखनीय है कि 13 जून शनिवार को लगभग 10 बजे कॉलेज के प्राचार्य के टेबल के पास शार्ट शर्किट हुआ जिससे सभी रूम मे धमाके कि आवाज आने लग गई जिसकी सूचना स्टाफ ने प्राचार्य को दी जिसके बाद प्राचार्य सोनवानी जी ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को इस घटना की जानकारी दी जिसके बाद केशकाल पुलिस एवं 112 मौक़े मे पहुंचकर आग से काबू पाया गया.।

**क़ोई हताहत नहीं–** इस घटना में गनीमत रही क़ोई भी इस आग से प्रभावित नहीं हुआ और एक बड़ी घटना टल गई, लेकिन इस घटने से कुर्सी,टेबल, कंप्यूटर, प्रिंटर जरूर आग से प्रभावित होकर जल गए.।

**प्राचार्य ने कहा कि इस विषय मे कॉलेज के प्राचार्य** - सोनवानी जी ने कहा कि घटना के समय में मौजूद नहीं था स्टाफ ने मुझे जानकारी दी जिसके बाद आग से काबू करने हेतु मैंने प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस को जानकारी दी तभी आग से काबू पाया गया। आपको बता दे की घटना के वक्त परीक्षा हाल में परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे थे तभी यह घटना घटी, अच्छी बात यह रही इस घटना मे क़ोई भी प्रभावित नहीं हुआ.।

# कांग्रेस ने पुण्यतिथि पर पं.विद्याचरण के कार्यों को याद किया और दी श्रद्धांजलि

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ की राजनीति के वरिष्ठ स्तंभ, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के विकास पुरुष के रूप में पहचान रखने वाले स्वर्गीय पंडित विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर गुरुवार को जिला मुख्यालय कोंडागांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जनों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया तथा उनके आदर्शोर् और विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

**जनसेवा और विकास को समर्पित रहा जीवन** – श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पंडित विद्याचरण शुक्ल का संपूर्ण जीवन जनसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और समाज के कमजोर वर्गोर् के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित देश की राजनीति में अपनी अलग पहचान स्थापित की और विकास के अनेक आयामों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि पंडित शुक्ल केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता वाले जननायक थे, जिन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में शिक्षा, ग्रामीण विकास, संचार व्यवस्था और आधारभूत संरचनाओं के विस्तार के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। उनके प्रयासों से प्रदेश के विकास को नई दिशा मिली।

**युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं उनके विचार** – कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्वर्गीय विद्याचरण शुक्ल के विचार, कार्यशैली और जनहित के प्रति समर्पण आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवाओं को प्रेरित करते हैं। उन्होंने सदैव समाज के वंचित, गरीब और कमजोर वर्गोर् की आवाज को मजबूती से उठाया तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया।



**झीरम घाटी की घटना को किया याद** – सभा में उपस्थित वक्ताओं ने वर्ष 2013 में हुए झीरम घाटी नक्सली हमले में उनकी शहादत को याद करते हुए कहा कि लोकतंत्र और जनता की सेवा के प्रति उनकी निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी। उनका बलिदान और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों को जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

**दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि** – कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित** – कार्यक्रम में जिला महामंत्री रितेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष तरुण गोलछा, प्रदेश सचिव सकुर खान, शहर अध्यक्ष नरेंद्र देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, उपाध्यक्ष कमलेश दुबे, महामंत्री सनी चोपड़ा, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव तबस्सुम बानो, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष तबस्सुम बानो, महिला कांग्रेस नेत्री नीलू देवांगन, लेखनी प्रधान, रंजीता अग्रवाल, युवा नेता हितेश ढीमर, डीके नायक, गोलू पटेल सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान ....

(कुटुमसर और कैलाश गुफा) और हरे-भरे जंगलों के लिए भी प्रसिद्ध के अलावा शीघ्र ही पर्यटकों को एडवेंचर सुविधाएं मिलेगी। स्थानीय आदिवासियों की भागीदारी के साथ इस क्षेत्र को इको-पर्यटन का मुख्य केंद्र बनाया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। मुंगाबहार नाले में पर्यटकों के लिए बांस की नाव (बैम्बू राफ्टिंग) और कायाकिंग की रोमांचक सुविधा शुरू की गई है।

**शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू होगा :** कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि तीरथगढ़ जलप्रपात बंबू रापंटिग के पास स्थित रिक्त भूमि में पर्यटकों के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से एडवेंचर पार्क बनाया जाएगा, इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए टेंडर के बाद शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसमें बच्चों के लिए झूला, कुर्सी सहित अन्य सामान्य लगाए जाएंगे।

### बकाया टैक्सों की ....

जमा न करने पर पंजीकरण रद्द करने और वाहन जब्त करने की चेतावनी दी गई है। आरटीओ की टीम के साथ विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम बकाया वसूली के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। नोटिस के बाद भी टैक्स न भरने पर वाहन को जप्त करने और संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया तेज कर दी जाएगी। बड़ी संख्या में ऐसे वाहन हैं, जिनके मासिक और त्रैमासिक टैक्स और ब्याज की राशि काफी अधिक है। आरटीओ एवं उड़नदस्ता की टीम वाहनों की जांच की जा रही है। विभाग इस बार बकाया टैक्स वसूलने में किसी प्रकार की नरमी नहीं बरतेगा। संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहन मालिक किसी भी समस्या से बचने के लिए अपने नजदीकी आरटीओ दफ्तर में संपर्क करें या ऑनलाइन पोर्टल पर बकाया टैक्स जमा करें।

### एकमात्र कमाऊ बेटे ....

शव को कब्जे में लेकर मरच्यूरी भिजवाया। शनिवार को परिजनों के पहुंचने के बाद पीएम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### स्कूटी से कर रहे ....

हजार 5 सौ रूपए के अलावा मोबाइल व नगद 1100 रूपए बरामद किया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायायल में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक टामेश्वर चौहान के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, पीएसआई नागेंद्र सिंग, प्रिया यादव, निर्मला सिदार, एएसआई सतीश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, पवन श्रीवास्तव, आरक्षक दीपक मिंज, राम ठाकुर, परमानंद भोयर, मनोज व चुरेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कलेक्टर छिकारा जिले के 178 शासकीय स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली

# शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर जोर, अब प्राचार्य भी लेंगे क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने जिले में संचालित 178 शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक लेकर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। शुक्रवार को टाउन हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में आगामी शिक्षा सत्र में परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि शाला प्रारंभ होने के पहले दिन से ही विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को समय-सीमा में पूर्ण करने के साथ-साथ साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं प्री-बोर्ड परीक्षाओं का नियमित आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि मासिक परीक्षा परिणामों की जानकारी पालक-बालक सम्मेलन के माध्यम से अभिभावकों तक पहुंचाई जाए, ताकि बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर सतत निगरानी रखी जा सके।



### दीक्षा एप में उपलब्ध शैक्षणिक सामग्री का करें उपयोग

*कलेक्टर ने दीक्षा एप में उपलब्ध शैक्षणिक वीडियो सामग्री का उपयोग कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान करने, प्रयोगशालाओं का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने तथा मासिक परीक्षाओं में विकासखंड स्तर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 15-15 विद्यार्थियों को जिले के पर्यटन एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान वर्ष 2025-26 में कमजोर परीक्षा परिणाम देने वाली शालाओं को विशेष रूप से चिन्हित कर आगामी सत्र में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। संबंधित शिक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने और शिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया गया।*

### प्राचार्य भी पढ़ाएंगे एक पीरियड

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने कहा कि प्राचार्य स्वयं भी प्रतिदिन कम से कम एक कालखंड में अध्यापन करें तथा शिक्षकों के कक्षा संचालन का नियमित अवलोकन करें। उन्होंने पूर्व सत्र की कमियों का विश्लेषण कर नई रणनीति के साथ अध्ययन-अध्यापन कार्य संचालित करने पर बल दिया।

### शाला परिसर की साफ सफाई सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने शाला प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने, प्राप्त पाठ्यपुस्तकों का स्कैनिंग कार्य पूर्ण करने, पहले दिन से गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने तथा विद्यार्थियों को गणवेश वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए विद्यार्थियों का तिलक एवं पुष्पमाला से स्वागत कर विद्यालय में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा ने पर्यटन स्थल में चलाया स्वच्छता अभियान

**बचेली।** नगर के प्रमुख पर्यटक स्थल 15 नंबर टंकी परिसर में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ पर्यटक स्थल और उसके आसपास बिखरे प्लास्टिक, डिस्पोजल और अन्य कचरे को साफ कर परिसर को स्वच्छ बनाया। स्वच्छता अभियान के साथ-साथ युवा मोर्चा के सदस्यों ने वहां आने वाले सभी पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से संवाद किया। कार्यकर्ताओं ने सभी से अपील की कि वे इस खूबसूरत प्राकृतिक और पर्यटक स्थल की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें और यहां-वहां कचरा फैलाकर इसे दूषित न करें। इस कार्य में मंडल अध्यक्ष अर्णब चक्रवर्ती के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शिवांश जायसवाल, प्रियांशु ठाकुर, टी. रामराज, लक्की साहा, नमन पॉल, नैतिक श्रीवास्तव, शौर्य सिंह, शुभम मंडल, मोनिट राय, पवन नाग, संकल्प साहू, वामसी रेड्डी, अनिमेष, सक्षम मुख्य रूप से शामिल रहे। संदेश दिया गया कि प्रकृति और हमारे पर्यटक स्थल हमारी धरोहर हैं, इन्हें साफ और सुंदर बनाए रखना हम सभी का सामूहिक कर्तव्य है।

### कलेक्टर ने केले की खेती देख किसानों की मेहनत को सराहा



**दंतेवाड़ा।** ग्राम पंचायत रेवली के आश्रित एवं दूरस्थ ग्राम बर्रेम के भ्रमण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने क्षेत्र में संचालित कृषि एवं आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय कृषक बुधरी बरसे द्वारा की जा रही केले की खेती का अवलोकन किया और ग्रामीण क्षेत्र में किसानों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत कृषि पद्धतियों की सराहना की। कलेक्टर ने खेत में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया तथा खेती की प्रक्रिया, उत्पादन, सिंचाई व्यवस्था और विपणन से संबंधित जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान बुधरी बरसे ने बताया कि उनके परिवार के पास लगभग 15 एकड़ भूमि है, जिसमें कुछ हिस्से में केले की खेती की जा रही है। उन्होंने बताया कि केले का उत्पादन अच्छी मात्रा में हो रहा है तथा इसका विक्रय मुख्य रूप से किरंदुल बाजार में किया जाता है। किसानों ने बताया कि बाजार में छोटे केले लगभग 60 रुपये प्रति दर्जन तथा बड़े केले 80 से 90 रुपये प्रति दर्जन तक की कीमत पर बिकते हैं। इससे परिवार को नियमित आय प्राप्त हो रही है और कृषि आजीविका का मजबूत माध्यम बनकर उभर रही है।

# दुर्घटनाएं रोकने जन-जागरूकता और नियमों का कड़ाई से पालन जरूरी: कश्यप

**सांसद महेश कश्यप ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कहा**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में शुक्रवार को सांसद सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने

■ अधिक से अधिक लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने पर जोर

तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वर्षवार सड़क दुर्घटनाओं, यातायात विभाग ने की। कार्रवाई, नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से वसूले गए समन शुल्क, स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स, स्कूली बसों की फिटनेस जांच तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी।

सांसद ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन में यातायात नियमों के प्रति व्यापक जन-जागरूकता लाना और नियमों का पालन सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। साथ ही अधिक से अधिक लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित योजनाओं जैसे गुड सेमेरिटन योजना, नगदी रहित उपचार योजना तथा हिट एंड रन मुआवजा समिति के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचनी चाहिए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर लाभ मिल सके। बैठक में क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, कलेक्टर विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित परिवहन एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सांसद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा को जनआंदोलन का स्वरूप देते हुए दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समन्वित एवं प्रभावी प्रयास किए जाएं।

### बैठक में 450 करोड़ से अधिक की कार्ययोजना को मंजूरी

# नक्सल मुक्त बीजापुर अब विकास की नई पहचान बना रहा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



बस्तर सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ की शासी परिषद की बैठक में जिले के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 450 करोड़ रुपये से अधिक की कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिले के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा

■ ग्रामीण एवं अंदरूनी क्षेत्रों में बेहतर कार्य हो रहे : महेश

ग्रामीण क्षेत्रों में जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में कलेक्टर एवं शासी परिषद के पदेन अध्यक्ष विश्वदीप ने वर्ष 2016-17 से अब तक डीएमएफ के तहत जिले को प्राप्त राशि और उसके व्यय की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बीजापुर की भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद डीएमएफ निधि के प्रभावी प्रबंधन और उससे किए गए उल्लेखनीय कार्यों को पीपीटी एवं लघु फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे ने विभागवार कार्यों, डीएमएफ निधि के पारदर्शी उपयोग तथा वर्तमान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने सुरक्षा संबंधी आवश्यक बिंदुओं पर प्रस्तुतीकरण दिया। शासी परिषद के सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों की आवश्यकताओं एवं जमीनी परिस्थितियों से अवगत कराया।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद महेश कश्यप ने बीजापुर को नक्सल मुक्त होने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सशस्त्र माओवाद के विरुद्ध ऐतिहासिक सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि पहले नक्सल प्रभावित होने के कारण शासन की योजनाओं को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाने में कठिनाइयां आती थीं, लेकिन अब विकास कार्यों को गति देने का अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजना की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण एवं अंदरूनी क्षेत्रों में बेहतर कार्य हो रहे हैं और बीजापुर अब राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। सांसद ने जनहित के निर्माण कार्यों की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच एवं पंचों को नियमित रूप से देने पर जोर दिया ताकि कार्यों में पारदर्शिता और जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, स्कूल और आंगनबाड़ी जैसी मूलभूत सुविधाओं की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि प्रशासन की पहुंच बढ़ने और नियद नेल्लानार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से अंदरूनी क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय से विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई। जिला पंचायत अध्यक्ष जानकारी कोरसा ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी सहित जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, सदस्यगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में अनुमोदित 450 करोड़ रुपये से अधिक की कार्ययोजना को बीजापुर जिले के विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर पंचायत गीदम ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए अभियान तेज कर दिया है। निकाय क्षेत्र की सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में जाकर अधिकारियों ने सूचना पत्रक बांटे और प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हुलसी प्रधान ने बताया कि मुख्य मार्ग, बाजार और व्यावसायिक क्षेत्रों में सबसे ज्यादा प्रदूषण सिंगल यूज प्लास्टिक से ही फैलता है। उन्होंने कहा इसे नियंत्रित करना केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

तभी हमारा नगर स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सकेगा। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि अब केवल 120 माइक्रोन या उससे अधिक मोटाई वाले कैरी बैग का ही इस्तेमाल किया जा सकेगा। यदि कोई भी दुकानदार 120 माइक्रोन से कम मोटाई का सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल करते पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। बार-बार नियम तोड़ने पर दुकान सील करने, व्यापार लाइसेंस निरस्त करने और चालानी कार्रवाई तक की जाएगी। नगर पंचायत की टीम ने दुकानदारों को समझाया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक पर्यावरण के साथ-साथ नालियों को जाम करता है और पशुओं के लिए भी घातक है। नागरिकों से भी अपील की गई कि वे बाजार जाते समय कपड़े या जूट के थैले साथ ले जाएं और दुकानदारों से प्लास्टिक की मांग न करें। प्रशासन का लक्ष्य गीदम को प्लास्टिक मुक्त बनाकर एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित करना है।

अधिकारियों ने भरोसा जताया कि दुकानदारों और आम जनता के सहयोग से यह अभियान सफल होगा। आने वाले दिनों में नगर पंचायत द्वारा नियमित जांच अभियान चलाया जाएगा और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगर पंचायत ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए यह कदम जरूरी है। सभी से आग्रह है कि वे नियमों का पालन करें और गीदम को साफ-सुथरा बनाने में अपना योगदान दें।

# बंगाली कैंप के शाला में हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के गौरवमयी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ने देशव्यापी विकास, विश्वास एवं जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बचेली के 2 नम्बर बंगाली कैंप प्राथमिक शाला परिसर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस राष्ट्र-समर्पित अभियान के प्रभारी पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल एवं सह प्रभारी भाजपा मंडल महामंत्री झिलकी नाग रहे। उनके कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। इस अवसर पर बचेली मंडल के सभी ज्येष्ठ-श्रेष्ठ भाजपा पदाधिकारी, जन-प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता साथी राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सेवा, सुशासन और समर्पण के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा देश हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में प्रभारी के साथ साथ पार्षद धनसिंह नाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णा राव, ओम प्रकाश जैन, परिमल व्यापारी, शिप्रा बिस्वास, गोपाल, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल समेत अनेक आमजन तथा सफाई कर्मचारी मौजूद रहें। अभियान प्रभारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्वच्छता की शपथ ली और 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के संकल्प को धरातल पर उतारने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के अंत में बंगाली कैंप क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता का संदेश दिया गया।

### 89 हितग्राहियों के बने आयुष्मान कार्ड



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप के मार्गदर्शन में जिले के पुनर्वासित युवाओं को स्वास्थ्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुनर्वास केंद्र में विशेष शिविर आयोजित कर 89 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। इस अभियान का उद्देश्य पुनर्वास केंद्र में रह रहे युवाओं एवं अन्य हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। आयुष्मान कार्ड बनने से पात्र हितग्राही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर के दौरान हितग्राहियों का पंजीयन कर आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया तथा पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड तैयार किए। साथ ही योजना के लाभ, पात्रता एवं उपयोग संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। जिला प्रशासन द्वारा संचालित इस पहल से पुनर्वासित युवाओं में उत्साह देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए इस प्रकार के विशेष अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# अधिक मास में गूंज रहा रामनाम

**कल सत्यनारायण कथा व छप्पन भोग**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

अधिक मास के पावन अवसर पर आदिशक्ति ज्योति महिला मंडल द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में अखंड रामायण मास प्रयाण का आयोजन किया जा रहा है। पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। महिला मंडल की सदस्याएं और समाज के लोग प्रतिदिन एकत्र होकर रामायण पाठ, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग ले रहे हैं।

मान्यता है कि अधिक मास भगवान विष्णु का सबसे प्रिय मास है, जो तीन वर्ष में एक बार आता है। इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है, जिसमें आध्यात्मिक साधना का विशेष महत्व है। इसी कारण इस माह में भगवान विष्णु और श्रीराम की आराधना, दान-पुण्य तथा धार्मिक आयोजनों का विशेष महत्व होता है। श्रद्धालु प्रतिदिन रामायण पाठ, रामनाम संकीर्तन और धार्मिक गतिविधियों के माध्यम से पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

#### दीपदान का विशेष महत्व

महिलाओं ने बताया कि अधिक मास में दीपदान का विशेष महत्व है। श्रद्धालु भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण के श्रीविग्रह के समक्ष घी अथवा तिल के तेल का दीप प्रज्वलित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इसके अलावा नदी और सरोवर के समीप दीपदान करने से कई गुना फल प्राप्त होने की मान्यता है। वहीं मंदिर में प्रतिदिन मालपुए के दान की परंपरा का भी पालन किया जा रहा है, जिसे धार्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ माना जाता है।

#### समापन पर लगेगा 56 भोग

अखंड रामायण मास प्रयाण का आयोजन 15 जून तक चलेगा। समापन अवसर पर सभी महिला मंडलों के सहयोग से सत्यनारायण कथा एवं छप्पन भोग का विशेष आयोजन किया जाएगा। आयोजन के चलते क्षेत्र में इन दिनों भजन, कीर्तन और रामायण पाठ के स्वर गूंज रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

### संस्कारयुक्त शिक्षा से होगा भावी पीढ़ी का चरित्र निर्माण

**गीदम।** स्कूल शिक्षा विभाग ने नवीन शिक्षा सत्र से प्रदेश के विद्यालयों में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, महापुरुषों के जीवन प्रसंगों के वाचन, भोजन मंत्र, गायत्री मंत्र एवं शांति मंत्र जैसी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित



किए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने इसे भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभावना को सुदृढ़ करने वाली ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की आधारशिला भी है। वर्तमान समय में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालयों में प्रार्थना, वंदना तथा महापुरुषों के प्रेरक जीवन प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व, कर्तव्यबोध एवं सकारात्मक चिंतन का विकास होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों को शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा व्यवस्था को प्रोत्साहित करती है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह निर्णय इसी दूरदर्शी सोच का परिचायक है उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नैतिकता एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास होगा तथा वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित होंगे।

# शिक्षा की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता, जिम्मेदारी के साथ करें कार्य : कोर्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर/भोंड



नए शिक्षा सत्र को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से बस्तर विकासखंड के बीआरसी अजंबर कोर्राम की अध्यक्षता में विकासखंड के सभी क्लस्टर अकादमिक समन्वयकों

■ नए शिक्षा सत्र की तैयारियों को लेकर बीआरसी ने ली बैठक

(सीएसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, नामांकन वृद्धि तथा शासन की शैक्षणिक योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर चर्चा हुई।

बीआरसी ने कहा कि नया शिक्षा सत्र विद्यार्थियों के भविष्य की मजबूत नींव रखने का अवसर है। उन्होंने सभी सीएसी को अपने-अपने संकुल क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों की सतत निगरानी करने तथा शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्यालयों में समय पर पाठ्यपुस्तकों के वितरण, शत-प्रतिशत नामांकन, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की पहचान कर पुनः प्रवेश दिलाने तथा शिक्षण कार्यों की नियमित समीक्षा पर विशेष जोर दिया। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में नए शिक्षा सत्र को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्य योजनाओं पर चर्चा की गई। बीआरसी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए टीम भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है। अंत में सभी सीएसी ने शासन की शैक्षणिक योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने तथा नए शिक्षा सत्र को सफल बनाने का संकल्प लिया। बीआरसी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी सीएसी पूरी सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि बस्तर विकासखंड शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**!! उद्घोषणा !!**

रा.प्र. क्रं.:-202603151000028/ ब-121/2025.26
ग्राम करेकोट प.ह.नं. 04

एतद् द्वारा ग्राम करेकोट तहसील लोहंडीगुड़ा के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अक्षय नाग पिता पुरुषोतम नाग निवासी करेकोट तहसील लोहंडीगुड़ा जिला बस्तर के द्वारा स्वयं का जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। यह की आवेदन अनुसार आवेदक अक्षय नाग पिता पुरुषोतम नाग का जन्म दिनांक 10-02-2003 को दर्शाया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसकी पेशी दिनांक 15-06-2026 को नियत किया गया है।

जिस किसी को भी इस संबंध में कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो, वह निर्धारित तिथि तक अपने अधिवक्ता/अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरांत किसी के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05-06-2026 मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार लोहण्डीगुड़ा
जिला बस्तर

# केले के पत्तों पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व उत्साह के साथ लिया प्रसाद

## अखंड हरिनाम संकीर्तन का महाभंडारे के साथ हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व शांति, लोककल्याण और सनातन संस्कृति के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित पंच दिवसीय विश्व शांति हरिहर महायज्ञ का शनिवार को अखंड हरिनाम संकीर्तन एवं महाभंडारे के साथ भव्य समापन हो गया। धार्मिक आयोजन के अंतिम दिवस लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर और आसपास का वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में सराबोर रहा। इसमें लगभग 20 गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने संकीर्तन में भाग लेकर भगवान के नाम का गुणगान किया। हरि भक्ति में लीन श्रद्धालु महामंत्रों का जाप करते हुए नृत्य और भजन-कीर्तन में मग्न दिखाई दिए। आयोजन स्थल पर आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। भूतेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा गांव-गांव से पहुंचे श्रद्धालुओं तथा आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले कर्मठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने बताया कि हरिहर महायज्ञ का उद्देश्य विश्व शांति, मानव कल्याण और धर्म जागरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। समापन अवसर पर आयोजित विशाल महाभंडारे में शहर सहित ओड़िशा और आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष रूप से केले के पत्तों पर परोसे गए अन्नभोग को श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ ग्रहण किया। पंगत में एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा ने सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश भी दिया।

## खबर संक्षेप

### विद्युत कंपनी के डीई बने भगत



**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता (डीई) का कार्यभार एनआर भगत ने लिया। उन्होंने बताया कि शहर के उपभोक्ताओं की बिजली समस्या पर ध्यान देंगे। शुक्रवार को कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों ने उनसे मुलाकात की, इनमें स्टोर के कार्यपालन अभियंता सुदीप खेस शामिल रहे।

### संभागीय सम्मेलन व शपथ ग्रहण समारोह आज

**जगदलपुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा 14 जून को दोपहर 12 बजे शहर के बस्तर हाई स्कूल में बस्तर संभागीय सम्मेलन एवं नव निर्वाचित जिला पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव रहेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा करेंगे। संघ के प्रदेश महामंत्री गजेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि यह सम्मेलन कर्मचारी एकता, संगठन की मजबूती एवं कर्मचारी हितों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने सभी विभागों के कर्मचारियों से कार्यक्रम में सहभागी बनकर संगठन को मजबूत करने का आग्रह किया। संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला ने कहा कि कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सम्मेलन में चर्चा की जाएगी तथा संगठन की भावी रणनीति पर विचार-विमर्श होगा। जिला अध्यक्ष संजय चौहान ने बताया कि सम्मेलन में बस्तर संभाग के विभिन्न विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की एकजुटता ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है और इस सम्मेलन के माध्यम से संगठन को नई दिशा एवं ऊर्जा प्राप्त होगी।

### अपूर्ण कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा हुई

# डीएमएफटी मद से स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में करें पूर्ण : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर एवं जिला खनिज संस्थान न्यास की प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष आकाश छिकारा ने निर्माण एर्जेसियों को निर्देशित किया है कि डीएमएफटी मद से स्वीकृत सभी विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अपूर्ण कार्यों में तेजी लाते हुए आम जनता को उनका लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए।

- पार्किंग स्थल के समीप निर्माण कार्य में विलंब पर नाराज हुए कलेक्टर

जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने वर्षवार एवं विभागवार डीएमएफटी मद से स्वीकृत अपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना तथा पंचवर्षीय योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग के भाग 1-2 , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पी एच ई, उद्यानिकी, कृषि, पशुपालन विभाग, क्रेडा विभाग, पीएमजीएसवाय के स्वीकृत कार्यों और आगामी कार्य योजना के संबंध में चर्चा किया गया । समीक्षा के दौरान समस्त क्रियान्वयन एर्जेसियों एवं जनपद पंचायतों द्वारा संचालित अपूर्ण कार्यों की भौतिक प्रगति का समीक्षा किया गया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने, नियमित मॉनिटरिंग करने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। सभी लम्बित कार्य के विलंब का कारण, अपूर्ण कार्यों के वर्तमान स्तर की फोटो के साथ रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिले में हुए अच्छे कार्यों का भी व्यापक प्रचार प्रसार भी करवाएं। कलेक्टर ने इतवारी बाजार में निमार्णाधीन पार्किंग स्थल के समीप निर्माण कार्य में विलंब के लिए नाराजगी जाहिर कर निर्माण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृत कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारी, क्रियान्वयन एर्जेसियों के प्रतिनिधि तथा सभी जनपद पंचायतों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महाभंडारा में शामिल हुए विजित देव





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व शांति को लेकर भूतेश्वर महादेव सेवा समिति एवं नारायण सेवा के द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर में विश्व शांति हरिहर महायज्ञ एवं महाभंडारा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सुकमा जमींदार कुमार जयदेव के पुत्र कुमार विजित देव शामिल होकर पुजारियों सहित ग्रामीण जनों को वस्त्र प्रदान किया। उन्होंने इस अनुष्ठान के लिए आयोजन समिति की प्रशंसा करते हुए कहा इस विश्व शांति हरिहर महायज्ञ से पूरे बस्तर क्षेत्र में खुशहाली एवं शांति का वातावरण का निर्माण होगा। इस अवसर पर मुख्य पुजारी रोमितराज त्रिपाठी सहित अन्य पुजारियों के अलावा महापौर संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, प्रकाश रावल, मनोज जंगम, उदय दुबे अभय दीक्षित, संतोष बाजपेई, योगेश मिश्रा सहित महिलाओं की भागीदारी रही।

- बस्तर वासियों की शांति एवं खुशहाली की कामना की




# विद्यालय खुलते ही सभी शालाओं में व्यवस्था सही रखें : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकासखण्ड बकावंड में बीईओ चंद्रशेखर यादव ने आगामी शिक्षा सत्र में 16 जून को आरंभ हो रहे शालाओं की सुचारू व्यवस्था के लिए समस्त 42 संकुल समन्वयकों को बैठक में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा विद्यालय खुलते ही सभी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए, सभी शिक्षक एवं कर्मचारी समय पर विद्यालय में उपस्थित हों तथा नियमित रूप से शैक्षणिक कार्य संपादित करें। सभी शिक्षक वीएसके ऐप में अपनी उपस्थिति 100 प्रतिशत दर्ज करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय-सीमा के अनुसार पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जाए। शासन एवं विभाग द्वारा जारी सभी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए, विद्यालय खुलने के एक घंटे के भीतर एप के माध्यम से उपस्थिति अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाए।

### पहले दिन होगा स्वागत

बीईओ ने कहा सभी विद्यालयों में प्रथम दिवस प्रवेश उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी संकुल समन्वयक एवं संस्था प्रमुख इन निर्देशों का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित करें।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के राहुल सिन्हा बने टॉपर

**जगदलपुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय जगदलपुर ने इस वर्ष एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज करते हुए 12 वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी 66 में से 66 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, वहीं इस उपलब्धि के बीच राहुल सिन्हा ने 94.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर पूरे विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राहुल ने विशेष रूप से गणित विषय में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अध्ययन से यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता ने न केवल परिवार बल्कि विद्यालय के शिक्षकों और सहपाठियों को भी गौरवान्वित किया है। राहुल मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में कार्यरत प्रीतम लाल सिन्हा एवं अतिथि शिक्षिका ज्योति सिन्हा के पुत्र हैं। शिक्षा और अनुशासन के वातावरण में पले-बढ़े राहुल शुरूआत से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया है।



### 151 मरीजों का किया एक्स-रे



**जगदलपुर।** राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के निक्षय निरामय अभियान के तहत विकासखंड बास्तानार के 13 चिन्हित उच्च जोखिम ग्रामों में से ग्राम पंचायत कुम्हारसाड्रा में हैंड हेल्ड पोर्टेबल एक्स-रे मशीन द्वारा 151 मरीजों का एक्स-रे किया गया। खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप बघेल के निर्देश पर सेक्टर प्रभारी डॉ. मनोज गुलशन, महिला पर्यवेक्षक जोगेश्वरी शर्मा, पुरुष पर्यवेक्षक सुजय चंद के प्रयासों से कार्य सफल हुआ है।

### विधायक ने क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की



**जगदलपुर।** शहर के प्रवीर वार्ड पनारापारा स्थित रियासत कालीन लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित हरिहर महायज्ञ के छठवें दिन शुक्रवार को शाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव शामिल होकर मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। साथ हरिहर महायज्ञ में मंदिर परिसर में आयोजित हरे राम हरे कृष्ण अखंड सर्कीतन में शामिल हुए।

# धरना-प्रदर्शन व ज्ञापन सौंपने का निर्णय, 22 को जुटेगा सर्व समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर मूल सर्व समाज की बैठक शनिवार को धुर्वा समाज भवन तेतरखुटी में की गई। बैठक में सामाजिक, संवैधानिक एवं क्षेत्रीय जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई।

बैठक में शहर के प्रतापगंज वार्ड स्थित भूमि के संबंध में विशेष चर्चा हुई। सम्भागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कहा कि भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद रजिस्ट्री किए जाने को लेकर प्रश्न खड़े होते हैं। उन्होंने इस विषय में शासन-प्रशासन से जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से सर्व समाज के स्तर पर आगे की रणनीति बनाने की बात कही। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 22 जून को प्रातः 10 बजे सर्व आदिवासी समाज भवन से धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा। इसके पश्चात कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान धर्म कोड, वर्ष 2027 के प्रस्तावित परिसीमन, स्थानीय भर्ती में रोस्टर व्यवस्था का पालन, निजीकरण पर रोक, फर्जी नक्सल मामलों में आदिवासियों की रिहाई, पेसा कानून, वन अधिकार कानून तथा पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र में संसाधनों के संरक्षण एवं अधिकारों सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में ओबीसी अध्यक्ष दिनेश यदु, धुर्वा समाज अध्यक्ष पप्पू नाग, कोया समाज अध्यक्ष हिडमो मंडावी, बस्तर जिलाध्यक्ष गांग नाग, युवा प्रभाग अध्यक्ष संतु मौर्य, जगदीश चन्द्र मौर्य, लोकनाथ नाग, सुकमन यादव, मंगलूराम पोयाम, बसंत कश्यप, सुमित पोया, लक्ष्मी नाथ, बनंसिह मौर्य, देशराज वट्टी, रघुवंश यादव, गेंद लाल सोनी, सुरेन्द्र कुमार सोनी, लखेश्वर कश्यप, सोमारु बघेल सहित विभिन्न समाजों एवं संगठनों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

